तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 गुहा निषाद जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक



12 सेना में चयनित युवाओं का सतनामी समाज ने ...



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** चारभांठा-मुनगासेर के बीच कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज ढीढी ग्राम डोकरपाली ने बताया कि 18 जनवरी को वह अपनी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 6059 से अपने बहन दामाद खिलावन कुर्रे के साथ डोकरपाली से भैसाताल ओडिशा गया। वापस आ के दौरान चारभांठा मुनगासेर के बीच कार क्रमांक सीजी 04 एलटी 0949 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर चारभांठा की ओर भाग गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### डीजे को लेकर जमकर विवाद, हुई मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सराईपाली में डीजे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ हुए मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लिलेंद्र पटेल ने बताया कि 18 जनवरी के शाम करीबन 4 बजे संतोष पटेल के घर के सामने गली में डीजे बजाया जा रहा था, तब गांव के विजय शंकर पटेल ने आकर यहां डीजे क्यों बजा रहे हो कहा। तब प्रार्थी ने कहा कि संतोष पटेल से पूछे है और उसने कम आवाज में डीजे बजाने के लिये कहा है। इस पर आरोपी विजय शंकर पटेल ने वाद विवाद और गाली गलौज कर हाथ मुक्काल से मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# धान खरीदी के लिए 8 दिन ही शेष, 42 हजार किसान कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिलों में धान खरीदी अपने अंतिम पड़ाव पर है। जिले में अब तक की खरीदी के आंकड़े बताते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रशासन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन आखिरी दिनों की कुछ जमीनी समस्याओं ने किसानों और समितियों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में अब तक 1 लाख 21 हजार किसान ने अपना धान बेच चुके हैं, लेकिन अभी भी 42 हजार पंजीकृत किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिले में इस खरीफ सीजन में धान खरीदी का उत्साह चरम पर है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया है कि अब तक लगभग 77 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। शासन द्वारा तय की गई सुचारू व्यवस्था के चलते शुरुआती महीनों में खरीदी शांतिपूर्ण रही। लेकिन जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, केंद्रों पर भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है। जिले में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या को देखते हुए अभी भी लगभग 25 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपना धान केंद्रों तक नहीं पहुंचाया है। इन 42 हजार किसानों के पास अब महज 8 दिन का समय शेष है, जिसे लेकर ग्रामीण इलाकों में खासी हलचल देखी जा रही है। जिला प्रशासन का दावा है कि सभी पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा। कलेक्टर द्वारा नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केंद्रों का सतत निरीक्षण करें और मिलर्स के साथ समन्वय बिठाकर उठाव में तेजी लाएं।

## धीमे उठाव ने बढ़ाई मुश्किलें, हजारों किसान अभी नहीं बेच पाए है अपनी उपार्जन

### टोकन के लिए मची मारामारी

धान खरीदी के अंतिम दिनों में सबसे बड़ी चुनौती टोकन प्राप्त करना बन गई है। नियमानुसार, एक निश्चित क्षमता के आधार पर ही प्रतिदिन टोकन काटे जाते हैं। कई समितियों में किसान सुबह से लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं ताकि उन्हें अगले कुछ दिनों का टोकन मिल सके। छोटे और सीमांत किसानों की शिकायत है कि बड़े और रसूखदार किसान आसानी से टोकन प्राप्त कर रहे हैं, जबकि आम किसान भटकने को मजबूर है।



### बड़ी समस्या, धान का धीमा उठाव

खरीदी केंद्रों पर इस वक्त सबसे बड़ी सिरदर्दी धान का उठाव न होना है। केंद्रों में क्षमता से अधिक धान जमा हो चुका है। मिलर्स द्वारा धान का उठाव धीमा होने के कारण नए धान को रखने के लिए जगह नहीं बची है। खुले आसमान के नीचे रखे करोड़ों रुपये के धान पर बेमौसम बारिश या नमी का खतरा मंडरा रहा है। समितियों का कहना है कि जब तक पुराना धान ट्रकों में भरकर गोदामों या मिलों तक नहीं जाएगा, वे नया धान तौलने की स्थिति में नहीं हैं। यही कारण है कि कई केंद्रों पर तौल की गति धीमी कर दी गई है। नितिन यादव ने बताया है कि हमने अपना सारा धान सुखाकर तैयार रखा है, लेकिन समिति में जगह नहीं होने की बात कहकर टोकन देने में आनाकानी की जा रही है। अगर 8 दिनों में धान नहीं बिका, तो हमें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

## कार्रवाई : अंतरराज्यीय गिरोह का महासमुंद पुलिस ने किया खुलासा

# अपनों को ही लूटने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार पुलिस ने सुलझाई करोड़ों की चोरी और डकैती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रिश्तों को कलंकित करने और योजनाबद्ध तरीके से चोरी व डकैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के सरगना सहित 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 93.33 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर, दो कारें और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड कान्हा उर्फ हेमंत अग्रवाल है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि कान्हा अपने ही सगे रिश्तेदारों को निशाना बनाता था। उसने दिसंबर 2025 में ग्राम बल्दीडीह (सांकरा) में अपने सगे चाचा के घर बड़ी चोरी की थी। पूछताछ में उसने यह भी कबूल किया कि मई 2025 में गरियाबंद जिले के ग्राम चरौदा में अपनी सगी बड़ी बहन के घर हुई डकैती में भी उसी का हाथ था। सांकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झलप निवासी शुभम साहू चोरी के जेवर बेचने की फिराक में है। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने कान्हा अग्रवाल और अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों को धर दबोचा जिसमें शुभम साहू (झलप), हेमंत उर्फ कान्हा अग्रवाल (सांकरा), रौनक उर्फ भूपेंद्र सलूजा (पिथौरा), योगेश कुमार साहू (सिमगा), दीपक चंद्रवंशी (कवर्धा) एवं दो अन्य आरोपी, प्रफुल्ल चंद्रवंशी और मुकुंद उर्फ टाइगर, फिलहाल फरार हैं।




### बरामदगी और कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 471.24 ग्राम सोना और 1.429 किलोग्राम चांदी बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त टाटा नेक्सन, मारुति स्विफ्ट और एक यामाहा मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने ज्वेलर्स योगेश सोनी, आदर्श अवस्थी, संदीप सिन्हा और आशीष अग्रवाल के विरुद्ध भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिन्होंने चोरी के जेवर खरीदे थे। इस बड़ी सफलता में सायबर सेल और स्थानीय पुलिस की 6 अलग-अलग टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

# शराब दुकान में चला चाकू, एक की हत्या

## तीन संदेहियों से पूछताछ जारी, घटना स्थल पर पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शऱाब दुकान में हुए विवाद के बीच हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई। हत्या के इस मामले में शराब और नशा की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। नशे की हालत में हुई घटना में समीपस्थ ग्राम शेर निवासी 23 वर्षीय जितेंद्र साहू की देशी शराब दुकान परिसर में ही मौत हो गई।



मामले में पुलिस को खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के कारणों और आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई। सूत्र बताते हैं कि मामले में 3 लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। पुलिस की मानें तो जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### घटनास्थल पर पहुंचे विधायक



घटना की जानकारी मिलते ही विधायक राजू सिंहा मौके पर पहुंचे और उन्होनें आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की बात कही। उन्होनें कहा कि समाज में नशे के कारण बढ़ रही वैमनस्यता और आक्रोश को नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है। शांत समाज में इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं।

# 4.75 करोड़ का गांजा बरामद, महाराष्ट्र के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस और एंटी नारकोटिक्स फोर्स ने तस्करी कर रहे लोगों के कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए चार करोड़ 75 लाख कीमत का 950 किलो गांजा बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन निश्चय के तहत थाना कोमाखान क्षेत्र में जिले की एंटी नारकोटिक्स फोर्स एवं थाना कोमाखान पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन से 950 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 4 करोड़ 75 लाख रुपए, परिवहन में प्रयुक्त आईचर ट्रक क्रमांक एमएच 20 ईजी 3969 कीमत 15 लाख रुपए, 02 नग मोबाइल कीमत 7 हजार रुपए एवं नगद 4050 रुपए जब्त किया गया।




मामले में पकड़े गए आरोपी अक्षय भोरजे पिता पद्माकर भोरजे (26 वर्ष), निवासी अकोला देव, थाना टेमणी, जिला जालना, महाराष्ट्र और शुभम आरटे पिता बालाजी आरटे (24 वर्ष) निवासी कुच्चबघवा, जुना जालना, थाना कदीम, जिला जालना, महाराष्ट्र के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सीमा व बॉर्डर एरिया में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग बढ़ाई गई है। साथ ही इंटर स्टेट नाकों को सक्रिय कर लगातार नाकाबंदी एवं सघन जांच कराई जा रही है, ताकि अवैध गांजा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### पुलिस को देख गांजा का अवैध परिवहन कर रहा बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

**महासमुंद।** गांजा का अवैध परिवहन कर रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने के प्रयास में गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लाख 75 हजार रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में नारकोटिक्स एक्ट व बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई मिली जानकारी के अनुसार पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएन 1215 का चालक पुलिस को देखकर बाइक को मोड़ कर भागने का प्रयास कर रहा था, जो हड़बड़ी में गिर गया। गिरने से चालक के दाहिने पैर में घुटने के पास चोंट आयी, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जब पुलिस ने हड़बड़ाने का कारण पूछा तब संदेही ने बाइक के पीछे एक सफेद रंग के बोरी में गांजा होना बताया। इसके बाद आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 21.620 किलो गांजा कीमत 10, 75000 रुपए तथा बाइक की तलाशी लेने पर उसमें से दो नंबर प्लेट ओडी 31 केएल 1234 एवं ओडी 30 एफ 2911 व मोबाइल को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उत्तम दास पिता अनिल दास (35 साल) झरापाली एमवी 85 थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (ओडिशा) होना बताया तथा बरामद शुदा गांजा को अपने रिश्तेदार गुड्डू तिवारी निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के कहने पर ओडिशा के मुण्डागुड़ा निवासी शिबु से प्राप्त कर गुड्डू तिवारी को उपलब्ध कराने ले जाना बताया। वहीं गुड्डू तिवारी द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी नंबर प्लेट को गांजा परिवहन करने में प्रयुक्त कर अपने आधिपत्य के मोटर सायकल में लगाना बताया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट, 336(3), 340(2)-बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

# गुप्त नवरात्रि की हुई शुरुआत, सर्वार्थ सिद्धि योग में शुरू हुई दस महाविद्याओं की साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में सोमवार से गुप्त नवरात्रि की गूंज सुनाई देने लगी है। माघ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ ही साधकों और मां के भक्तों ने अपनी गुप्त आराधना शुरू कर दी है। इस वर्ष नवरात्रि का शुभारंभ उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में हो रहा है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है। जिले भर में सोमवार सुबह 8:34 से 9:59 बजे के बीच शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने अपने घरों और साधना केंद्रों में कलश स्थापना की। इसके अलावा, दोपहर 12:13 से 12:58 बजे तक रहे अभिजीत मुहूर्त में भी कई विशेष पूजन संपन्न किए गए। यह नवरात्रि 27 जनवरी तक चलेगी, जिसका समापन दशमी तिथि को पारणा के साथ होगा।



### तंत्र-मंत्र और दस महाविद्याओं की विशेष पूजा

ज्योतिषियों के अनुसार, चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रियां प्रकट होती हैं, जिनमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इसके विपरीत, माघ मास की यह गुप्त नवरात्रि मुख्य रूप से तंत्र, मंत्र और यंत्र की सिद्धि के लिए जानी जाती है। इस दौरान साधक मां काली सहित दस महाविद्याओं (मां काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धुमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला) की विशेष उपासना कर रहे हैं।

### प्रमुख तिथियां और पर्व

आने वाले नौ दिनों में जिले में कई महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव मनाए जाएंगे जिसमें बसंत पंचमी, सरस्वती पूजन का महापर्व, नर्मदा जयंती व आरोग्य सप्तमी, विशेष स्नान और दान-पुण्य, भीष्म अष्टमी व गौरी तृतीया, व्रत और अनुष्ठान। जानकारों का मानना है कि जहां प्रकट नवरात्रि सांसारिक सुखों और भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए होती है, वहीं गुप्त नवरात्रि का उद्देश्य मनोकामना सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति है। यह साधना शैव और शाक्त परंपरा से जुड़ी है, जिसमें संयम और अनुशासन का विशेष महत्व होता है।

## धान खरीदी में अनियमितता को लेकर दर्ज कराई रिपोर्ट

# घोंच खरीदी केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अनियमितता बरतने पर धान खरीदी केंद्र

- तेंदूकोना थाना में धारा 318(4) बीएनएस का घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध

घोंच के प्रभारी के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में जिला सहकारी बैंक शाखा पिथौरा के प्रबंधक की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक शाखा पिथौरा में शाखा प्रबंधक सुशील यदु ने तेंदूकोना में दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित घोंच पंजीयन क्रमांक 1052 उपार्जन केंद्र घोंच का 15.01.26 को कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसके बाद नायब तहसीलदार पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा प्राप्त हुआ है। जिसमें अनियमितता के लिए समिति प्रभारी एवं खरीदी प्रभारी तेजराम श्रीवास के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

शाखा प्रबंधक ने दिए गए आवेदन में बताया कि जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा में उपार्जन केंद्र घोंच की ऑनलाईन रिपोर्ट अनुसार 39588.80 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में उपलब्ध होना प्रदर्शित हो रहा है, जबकि भौतिक सत्यापन पर स्टेक के संख्या 44 है जिसमें 100322 बोरी प्रत्येक में 40, 40 किलोग्राम होना पाया गया। 100322 x 40 = 40128.80 क्विंटल होना पाया गया, जो ऑनलाईन रिकार्ड और भौतिक सत्यापन पर 540 क्विंटल अधिक होना पाया गया, जिसका समर्थन मूल्य 3100 रुपए की दर से 1674000 रुपए की राशि अधिक होना पाया गया। इस आधार पर वित्ती, य अनियमितता कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है।

आवेदन में बताया गया है कि नायब तहहसीलदार पिथौरा, सांकरा की जांच अनुसार जो तथ्य पाए गए उसके अनुसार ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार 39588.80 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में उपलब्ध होना प्रदर्शित हो रहा है। जिसका भौतिक सत्यापन किया गया।

भौतिक सत्यापन में उपार्जन केंद्र में स्टेक की संख्या 44 है जिसमें 100322 बोरी पाया गया। कृषक खेमराज दीवान पिता नारायण दीवान का 22.40 क्विंटल का टोकन कटा था जिसमें किसान द्वारा अमानक एवं गुणवत्ताहीन धान (पुराना बदरा सामान) पाया गया था जिसे कृषक को वापस किया गया है, उक्त के संबंध में समिति प्रबंधक द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया कि अमानक धान की खरीदी कैसे की जा रही है। उपार्जन केंद्र में कृषकों से अतिरिक्त धान लेना पाया गया।

खरीदी किए गए बोरी एवं भौतिक से उपलब्ध बोरी में 1350 बोरी अधिक पाया गया। उपार्जन केंद्र में उपलब्ध नया बारदाना 20 हजार बोरी एवं पुराना बारदाना पुराना 15 हजार का टैंगिग नहीं हुआ है। जिससे उक्ती बारदानों की संख्या रिपोर्ट में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। तेंदूकोना थाने में आवेदन अवलोकन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 318(4) बीएनएस का घटित होना पाये जाने से पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कड़ाके की ठंड से अब मिलेगी राहत, आने वाले दिनों में बढ़ेगा पारा, धूप ने दिलाई शीतलहर से निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके की ठंड और शीतलहर से अब राहत मिलने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि रात का तापमान अभी भी 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिले में बीते चार दिनों से रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 15 जनवरी 10.8 डिग्री, 16 जनवरी 9.2 डिग्री, 17 जनवरी 9.0 डिग्री, 18 जनवरी 9.4 डिग्री इन आंकड़ों से साफ है कि रातें काफी सर्द रही हैं, जिससे लोगों को भारी ठिठुरन का सामना करना पड़ा है। अगले 24 घंटों के बाद न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी, जिससे रात की ठंड कम होगी। दिन के तापमान (अधिकतम तापमान) में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, तेज धूप खिली रहेगी। हालांकि पारा बढ़ेगा, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण सुबह और रात के समय हल्की ठिठुरन बनी रह सकती है। जिले के नागरिकों के लिए अच्छी खबर यह है कि अब ठंड के तेवर थोड़े ढीले पड़ेंगे। लेकिन सुबह और देर रात के तापमान को देखते हुए बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



### धूप ने दी राहत, लेकिन शाम होते ही लौटी ठिठुरन

रविवार का दिन जिलेवासियों के लिए थोड़ी राहत लेकर आया। दिनभर खिली चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों को ठंड से राहत मिली। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने के कारण दोपहर में गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, सूरज ढलते ही ठंडी हवाओं ने फिर से असर दिखाना शुरू कर दिया और शाम होते-होते ठिठुरन बढ़ गई।

### मौसम में हो रहा बदलाव

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश की आशंका है। इसका सीधा असर मैदानी इलाकों पर भी पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य इलाकों में फिलहाल शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब धीरे-धीरे मौसम शुष्क होने की ओर बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### किसान नेता तुषार को मिली प्रदेश में बड़ा दायित्व



**महासमुंद।** ग्राम अछोली निवासी किसान नेता अशवंत तुषार साहू को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। वे विगत एक दशक से किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंनें कहा है कि किसान परिवार के ग्रामीण छोटे कार्यकर्ता को भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व दिया गया है। जो कि उनके लिए काफी गर्व की बात है। उन्होंनें पूरी निष्ठा ईमानदारी से संगठन की सेवा का संकल्प लिया।

### स्काउटिंग कौशलों में किया जा रहा प्रशिक्षित



**महासमुंद।** जिले में गर्ल गाइडिंग को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर ने कहा कि स्काउटिंग आज एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से बालिकाओं को रोड सेफ्टी, यातायात जागरुकता, आत्मरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा विभिन्न स्काउटिंग कौशलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में जिले की सक्रिय सहभागिता बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। यह सहभागिता न केवल बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक मजबूत प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। जिला प्रशासन एवं स्काउट-गाइड संगठन द्वारा किए जा रहे ये प्रयास बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

### वासुदेव का बीएसएफ में चयन

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर के होनहार युवक वासुदेव निषाद उम्र 23 वर्ष पिता हरिराम निषाद का बीएसएफ में चयन हुआ है। उन्होंने कड़ी मेहनत लगन से यहां पद हासिल किया है। उनके चयन पर सरपंच उमा राजेन्द्र निषाद, उमालाल, नोहरराम निषाद, प्रकाश निषाद, विष्णुराम, दीपक निषाद, धुवलाल, देवनारायण निषाद, मोतीराम निषाद, विश्वनाथ निषाद, चंदू निषाद, नेमचंद निषाद ने हर्ष जताया है।

# बीईओ इलेवन को पराजित कर झलप जोन बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अमोरी में संकुल केंद्र तुरेंगा की मेजबानी में फेडरेशन कप 2026 का क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महासमुंद विकासखंड की 9 टीमों ने शिरकत की जिसमें तुमगांव जोन, खट्टी जोन, तुरेंगा जोन, बी थ्री इलेवन, सिरपुर टाइगर, बीईओ इलेवन, बीआरसीसी इलेवन, के बीच मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम कोलपदर के सरपंच ग्राम पंचायत तुरेंगा के सरपंच, ग्राम पंचायत कोलपदर के उप सरपंच की उपस्थिति में हुआ मौजूद अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया।

पहला मैच तुरेंगा जोन और बीआरसीसी इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें तुरेंगा ने जीत दर्ज की दूसरा मैच पटेवा जोन के बीच हुआ जिसमें बीईओ इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की तीसरा मुकाबला सिरपुर टाइगर और खट्टी जोन के मध्य खेला गया जिसमें सिरपुर टाइगर ने जीत दर्ज की चौथा मैच बीथ्री इलेवन और तुमगांव के मध्य खेला गया जिसमें तुमगांव ने जीत हासिल की इस प्रकार का पांचवां मुकाबला तुरेंगा और झलप के बीच खेला गया जिसमें झलप ने जीत दर्ज की।

मैच के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर उपस्थित हुए ठाकुर ने समस्त प्रतिभागी टीमों से परिचय हासिल किया था कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की क्रिकेट प्रतियोगिता अपने आप में बेमिसाल हैं इस प्रकार का आयोजन शाला स्तर पर बच्चो की प्रतियोगिता में दिखना चाहिए।



महासमुंद छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के बीच आयोजित हुई फेडरेशन कप क्रिकेट प्रतियोगिता

इस प्रकार पहला सेमीफाइनल मुकाबला सिरपुर और झलप के बीच हुआ जिसमें कांटे के मुकाबले ने झलप ने सिरपुर टाइगर को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमी फाइनल मैच तुमगांव और बीईओ इलेवन के बीच हुआ जिसमें बीईओ इलेवन ने तुमगांव को रोमांचकारी मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इस प्रकार प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बीईओ इलेवन और झलप के मध्य खेला गया जिसमें जिसमें झलप ने टॉस जीत कर बीईओ इलेवन को बल्लेबाजी के आमंत्रित किया बीईओ इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 54 रन बनाए जवाब में झलप जोन ने एक विकेट के नुकसान पर चुन्नी साहू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर मात्र 3 ओवर में जीत का लक्ष्य पूरा कर फेडरेशन कप में कब्जा जमाया।

फाइनल मैच के बाद विजेता एवं उप विजेता टीम को उपस्थित अतिथिगणों द्वारा फेडरेशन कप प्रदान किया गया। शानदार पारी खेलने वाले बल्लेबाज चुन्नी साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह की अतिथि जनपद सदस्य कौशल्या ठाकुर थीं, अध्यक्षता सरपंच संघ के अध्यक्षा दिनेश्वर साहू ने विशेष अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत कोलपदर सरपंच ग्राम पंचायत तुरेंगा उप सरपंच ग्राम पंचायत कोलपदर संकुल प्राचार्य तुरेंगा संकुल समन्वयक तुरेंगा बीईओ कार्यालय के लेखापाल सी के तिवारी सेवानिवृत लेखा पाल केके चंद्राकर जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव उपस्थित थे।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कौशल्या ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में बेमिसाल है आप शिक्षक साथियों ने महासमुंद अंचल के सुदूर ग्राम अमोरी में यह प्रतियोगिता का आयोजन किया इसके लिए हम शिक्षक संघ के आभारी हैं। ठाकुर ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है वह पूरी लगन और निष्ठा के साथ देश का नव निर्माण करता है। हमारे बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम को सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, उप सरपंच कोलपदर विक्की पटेल, संकुल प्राचार्य दिवान संकुल समन्वयक शाहिद खान शिक्षक विजय राजपूत, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन बाबू लाल ध्रुव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सतीश तिवारी, लोकेश्वर मोगरे, राजेश चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, खुमान ध्रुव, चुन्नी साहू, संदीप साहू, अजय बंजारे, लव निर्मलकर, आत्मा राम साहू, गोपाल साहू, अशोक साहू, आशीष साहू, चंद्रशेखर डोरा, तोरण ध्रुव, विनय यादव, विनेश पांडे, कमलेश पटेल, शांतनु वर्मा, बलराम नेताम, लुकेश ध्रुव, विनोद वर्मा, पूनम चंद्राकर, मुकेश यादव, वेद पटेल, तोरण ध्रुव, विकास ओसर, असलम खान, आशुतोष जोशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण मौजूद थे।



### नेहरू स्मृति विद्यालय के बच्चों ने ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय के प्राथमिक व मिडिल स्कूल के छात्रों ने काननपेंडारी, खूंटाघाट, महामाया की नगरी रतनपुर का भ्रमण किया। बच्चों ने भौगोलिक, ऐतिहासिक, संस्कृतिक, प्राकृतिक महत्व के प्रति जागरूक हुए। जहां काननपेंडारी में छात्रों ने विभिन्न जीव-जंतु को देखकर प्रसन्न हुए, वहीं खूंटाघाट की प्राकृतिक सुंदरता बच्चों का मोह लिया। इतिहास नगरी छत्तीसगढ़ की प्राचीन राजधानी रतनपुर में मां महामाया का दर्शन किए। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने बताया कि बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए पर्यटन में जाना आवश्यक है। बच्चे जिसको पुस्तक में पढ़ते हैं उसे प्रत्यक्ष देखना व जानना यह खुशी की बात है। बच्चों को विभिन्न जीव-जंतु, पेड़-पौधे, बांध व प्राचीन ऐतिहासिक नगरी रतनपुर के बारे में बताया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आस्था को करीब से देखने को मिलता हैं। खूंटाघाट डैम में सभी ने स्वल्पहार किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के 96 बच्चे व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



### जोधपुर में अखिल भारतीय माहेश्वरी सम्मेलन

**महासमुंद।** अखिल भारत माहेश्वरी सभा द्वारा माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एवं माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो 9 जनवरी से 11 जनवरी तीन दिवसीय विश्वस्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50000 (पचास हजार) समाज बंधु एकत्र हुए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश महासभा के अध्यक्ष सुरेश भूतड़ा, प्रदेश महिला मंडल अध्यक्ष शशि गट्टाणी, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष नरेश चांडक, किशन सारडा, महासमुंद से ताराचंद चांडक, ललित चांडक, जगदीश टावरी, मनीष माहेश्वरी आदि शामिल हुए।



### बिंद्रावन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हवन पूजन के पश्चात प्रसादी वितरण में भंडारे के साथ हुआ। इसके बाद ग्रामवासियों ने भक्तिभाव के साथ राधाकृष्ण भगवान प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जहां यात्रा में ग्राम सोरमसिंघी से आए हुए राउत नित्य मंडलियों ने वेशभूषा धारण कर नृत्य प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### अनुमति पश्चात ही मुरूम परिवहन की स्वीकृति दी जाएगी

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा स्थित अमृत सरोवर (मंडल तालाब) में मुरूम उत्खनन की शिकायत के संबंध में कोटवार एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थल जांच की गई। जांच में पाया गया कि अमृत सरोवर शासकीय भूमि पर स्थित है, जिसमें वर्तमान में निस्तारी के लिए जल भराव कम है। तालाब को जल भराव योग्य बनाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा गहरीकरण, मरम्मत एवं सफाई का कार्य प्रस्तावित है। यह कार्य शासकीय प्रयोजन के अंतर्गत किया जाना है। प्रारंभिक रूप से शासकीय ठेकेदार द्वारा सीमित मात्रा में मिट्टी की सफाई की गई थी। मुरूम निकासी के लिए खनिज विभाग में पृथक से आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव एवं आवेदन जिला कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) को प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में गहरीकरण का कार्य कई दिनों से बंद है तथा तालाब में जल भराव नहीं होने के कारण निस्तारी एवं उपयोग में समस्या उत्पन्न हो रही है। जानकारी के अनुसार आवेदक मेसर्स संतोष अग्रवाल, "अ" वर्ग ठेकेदार, रायपुर द्वारा ग्राम बेलसोंडा, पटवारी हल्का नंबर 00037, (मंडल तालाब) के मरम्मत, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के उपरांत प्राप्त खनिज मुरूम/मिट्टी को शासकीय निर्माण कार्य में परिवहन एवं उठाव हेतु 06 जनवरी 2026 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सभी आवश्यक प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात परिवहन अनुमति आदेश जारी किया जाएगा। खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध उत्खनन अथवा परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमले द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जा रही है।

# मोनिका प्रभारी व स्वप्निल सहप्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एतराम साहू ने जिला प्रभारी जयन्ती पटेल सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, बसना विधायक डा सम्पत अग्रवाल, बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर व जिले के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से महासमुंद जिले के मंडलों में प्रभारियों व सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिसमें महासमुंद शहर मंडल का प्रभारी भाजपा नेत्री मोनिका साहू व सह प्रभारी भाजपा जिला जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी को नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त प्रभारियों व सहप्रभारियों की घोषणा जिला कार्यालय में जिला प्रभारी जयंती पटेल ने बैठक में की है।

ज्ञात हो कि मोनिका साहू पूर्व में खल्लारी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी भी रह चुकी है व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुकी है।

वही स्वप्निल तिवारी वर्तमान में भाजपा जिला प्रवक्ता है व पूर्व में युवा मोर्चा महासमुंद विधानसभा के प्रभारी भी रह चुके हैं। दोनों को संगठन में कार्य करने का अच्छा अनुभव प्राप्त है। नियुक्ति पर प्रभारी मोनिका साहू व सहप्रभारी स्वप्निल तिवारी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने हमें जो जवाबदारी सौंपी है, उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करते हुए संगठन के सभी कार्यों को समय पर पूरा कर संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ संगठन का कार्य करेंगे।

# शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना से किसान हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य तेज गति से चल रहा है। महासमुंद जिले में 18 जनवरी तक 182 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से कुल 7 लाख 67 हजार 780 मीट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। अब तक कुल 518507.40 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया है। जारी डीओ के विरुद्ध अब तक 297487.26 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। साथ ही सभी उपार्जन केंद्रों पर टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौलाई, नमी परीक्षण और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था से किसानों में उत्साह है। केंद्रों पर माइक्रो एटीएम से तत्काल नकद निकासी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे धान बेचने की प्रक्रिया आसान और सुगम बनी हुई है।

इसी क्रम में जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोलिहादेवरी के कृषक उत्तर कुमार प्रधान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विष्णु सरकार के सुशासन में किसान ख़ुश हैं एवं कृषि क्षेत्र में राज्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से शासन कर रही है, इससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है, साथ ही कृषि कार्यों को



लेकर उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

# भाजपा राज में किसान हो रहे परेशान, घोटालेबाज हो रहे मालामालः विनोद

## धान नहीं बिक पाने से व्यथित किसान ने खाया जहर, पहले महासमुंद अब कोरबा जिले के किसान ने की आत्महत्या की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा किसानों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के कवर्धा, महासमुंद व गौरेला के धान खरीदी केंद्रों में 30 करोड़ रुपए का धान चूहों व पक्षियों द्वारा खाए जाने की बात कहकर इस व्यापक भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास भाजपा की साय सरकार कर रही है।



पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा महासमुंद जिले में केवल 7 हजार किसानों द्वारा धान बेचना शेष बताया जा रहा है। जबकि, हकीकत कुछ और है। जिले में अभी तक 35 हजार से अधिक किसान धान नहीं बेच पाए हैं। अब तक खरीदी लक्ष्य का 76 प्रतिशत खरीदी ही हो पाई है। जबकि, धान खरीदी के लिए महज 8 दिन ही बचा है। ऐसे में शेष किसानों से धान खरीदी कर पाना संभव नहीं दिख रहा। सत्ता पक्ष के संरक्षण में प्रदेश के अनेक धान संग्रहण केंद्रों में करोड़ों के धान घोटाले हो रहे हैं। इस पर अब तक ना ही कोई कार्रवाई की जा गई है और ना ही जिम्मेदारी तय की गई है। सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर इसमें संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। चूहों, पक्षियों के नाम पर धान घोटाले के आरोपियों को बचाया जा रहा है।

# प्रेस क्लब ने दी दिवंगत हितेश को श्रध्दांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



युवा होनहार साथी हितेश निषाद के आकस्मिक निधन से पूरा प्रेस जगत स्तब्ध है। प्रेस क्लब के आयोजनों में लगातार अपनी सहभागिता बनाए रखते हुए बतौर सहायक अपनी सेवाएं देने वाले हितेश के निधन पर सोमवार को प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकार साथियों ने पुण्यात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दिवंगत साथी के परिजनों को इस अपार दुख को सहने की क्षमता प्रदान करने की कामना की। इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक गण बाबूलाल साहू, सालिकराम कन्नौजे, अध्यक्ष रत्नेश सोनी, कोषाध्यक्ष संजय महंती, प्रचार एवं संगठन मंत्री महेंद्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सतपथी, पूर्व महासचिव विपिन दुबे, पूर्व कोषाध्यक्ष विजय चौहान एवं कुंजराम रात्रे सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

# 187 सदस्यीय जिला दल ने नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम एवं ऐतिहासिक नेशनल रोवर–रेंजर जंबूरी में जिले की सीनियर स्काउट-गाइड्स एवं रोवर्स रेंजर ने अभूतपूर्व सहभागिता दर्ज कराते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह जंबूरी स्कूल शिक्षा मंत्री एवं राज्य अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ गजेंद्र यादव के नेतृत्व, राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा तथा राज्य सचिव जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन में दुधली जिला बालोद में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन ने जिले के स्काउटिंग आंदोलन को नई दिशा और पहचान दी है। साथ ही भविष्य की महिला लीडर्स, रेंजर टीम एवं गाइड दल के निर्माण की दिशा में एक मजबूत आधार भी प्रदान किया है। जिले से 77 रोवर, 71 रेंजर, 2 जिला प्रभारी, विकासखंड प्रभारी 16, 10 राज्य प्रभारी, 10 सर्विस रोवर–रेंजर सहित कुल 186 प्रतिभागियों ने जंबूरी में सक्रिय सहभागिता निभाई। यह सहभागिता जिले के युवाओं में बढ़ती भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। छत्तीसगढ़ द्वारा पहली बार राष्ट्रीय रोवर जंबूरी के सफल आयोजन के साथ इतिहास रचा गया। इस आयोजन में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला आयुक्त विजय कुमार लहरे,




सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, जिला सचिव एवं एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर एवं डीओसी स्काउट अवधेश विश्वकर्मा निरंतर सहयोग एवं प्रयास से जिले की प्रतिभागिता सुनिश्चित हो पाई। जंबूरी के दौरान जिले के रोवर–रेंजरों ने प्रदर्शनी, सब कैंप, फ्लैग सेरेमनी, पारंपरिक वेशभूषा में अतिथि स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिला गेट, युवा संसद, एथनिक शो, ग्रैंड कैंप फायर, मार्चपास्ट, फूड प्लाजा तथा एडवेंचर गतिविधियों में उल्लेखनीय सहभागिता निभाई। महिला सशक्तिकरण को समर्पित नारी शक्ति पैवेलियन का विशेष अवलोकन डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर के नेतृत्व में सीनियर गाइड्स एवं रेंजरों द्वारा किया गया।

राज्य प्रभारी के रूप में संतोष कुमार साहू, गिरीश कुमार पाढ़ी, शैलेंद्र कुमार नायक, विवेकानंद दास, राजीव तिवारी, लीनू चंद्राकर, अनीता साहू, दिलीप निषाद, कमलेश साहू एवं धर्मेंद्र साहू उपस्थित रहे। वहीं जिला प्रभारी रोवर झनेश साहू, जिला प्रभारी रेंजर लता वैष्णव, सहायक प्रभारी के रूप में विलास बाग, महेश्वरी, ईश्वरी पोरे, पुष्पांजलि चौधरी, यशवंत चौधरी, सतीश, अजय तांडी, वेदराम रात्रे, विजय कुमार सिन्हा, रोहित शर्मा, टेकलाल पटेल, रेखराम पटेल आदि की सक्रिय सहभागिता रही। इस आयोजन की सफलता पर राज्य मुख्यालय आयुक्त पंकज चंद्राकर, राज्य आयुक्त (गाइड) सुधा साहू, जिला संघ पदाधिकारी सौरिन चंद्रसेन, अशोक अग्रवाल, रामशिला दास, आनंद साहू एवं जय पवार ने हर्ष जताया है।

# महाविद्यालय स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में सम्मिलित हुए 65 प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर के पत्रानुसार महाविद्यालय स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन 19 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया। गौ विज्ञान परीक्षा प्राचार्य प्रो करुणा दुबे व प्रभारी प्राचार्य डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त गौ विज्ञान परीक्षा के नोडल अधिकारी व परीक्षा प्रभारी प्रो. अजय कुमार राजा के नेतृत्व में सफल हुआ। उक्त परीक्षा हेतु महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 100 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया था। पंजीयन करने वाले सभी परीक्षार्थियों को गौ विज्ञान ग्रंथ वितरण किया गया था। वितरित गौ विज्ञान संदर्भ ग्रंथ से ही 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिया गया था। उक्त परीक्षा में 65 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. मालती तिवारी, राजेश्वरी सोनी द्वारा संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया गया। गौ विज्ञान परीक्षा में सम्मिलित सभी प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा साथ ही महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं चयनित तीनों प्रतिभागी जिला स्तर परीक्षा में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौ विज्ञान परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन में राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, प्रकाशमणि साहू जनभागदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, रोहित ढीमर जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य, रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय ब्रम्हे का विशेष सहयोग रहा। जिला स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपए एवं गौ उत्पाद कीट, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 3100 रुपए एवं गौ उत्पाद कीट तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 1100 रुपए एवं गौ उत्पाद कीट से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चयनित तीनों प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51000 रुपए एवं गौ उत्पाद किट, द्वितीय स्थान प्राप्त करने 31000 रुपए एवं गौ उत्पाद किट तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21000 रुपए एवं गौ उत्पाद कीट से सम्मानित किया जाएगा।

# महिला उत्पीड़न निवारण समिति ने किया जागरूक

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार के मार्गदर्शन और महाविद्यालय में संचालित महिला उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा महिला उत्पीड़न संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास केंद्र महासमुंद से पूनम कोसरिया नवा बिहान संरक्षण अधिकारी, खिलेश्वरी चक्रधारी जिला मिशन समन्वयक, जागेश्वरी साहू चाइल्ड हेल्पलाइन उपस्थित हुए, जिन्होंने सी बॉक्स पोर्टल जो भारत सरकार द्वारा संचालित ऑनलाइन पोर्टल है इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इस प्रकार की कोई भी घटना यदि उनके साथ घटित होती है जो उन्हें असहज लगे तो वे निसंकोच इसकी शिकायत कर सकते हैं और यदि वह चाहे तो यह गोपनीय भी होगी। साथ ही महिला उत्पीड़न संबंधी घरेलू हिंसा बाल विवाह के प्रति भी छात्राओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को सशक्त होकर किसी भी समस्याओं का सामना करने के लिए प्रेरित किया और किसी भी प्रकार की समस्या आए उसके निवारण के लिए जानकारी प्रदान की साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सरस्वती वर्मा ने किया।




## खबर संक्षेप



### सीमा सुरक्षा बल में हुआ गणेशु बघेल का चयन

**महासमुंद।** जिले के ग्राम साराडीह के युवा गणेशु बघेल ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। गणेशु का चयन सीमा सुरक्षा बल में हुआ है, जिससे वे ग्राम साराडीह से सेना में जाने वाले पहले युवा बन गए हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। गणेशु की यह सफलता चुनौतियों से भरी रही है। साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान उनके पिता स्व. टेटकूराम बघेल का स्वर्गवास हो गया था। पिता का साया सिर से हटने के बावजूद गणेशु ने अपनी पढ़ाई और लक्ष्य को नहीं छोड़ा। उनके बड़े भाई पूरन सिंह बघेल (सहायक शिक्षक) ने पिता की कमी महसूस होने नहीं दी और साये की तरह साथ रहकर गणेश को इस मुकाम तक पहुंचाया। स्वागत के दौरान बघेल परिवार सहित पूरन सिंह, हेमंत बघेल, परमेश्वर, दाऊलाल, भूपेंद्र, भानू चतुर्वेदी, टिकेश्वर साहू, मानिक, युवराज, राहुल, नरेश, डेविड और प्रवीण रात्रे आदि मौजूद रहे।

### बनपचरी में मतदाता पंजीयन शिविर

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं ने सोमवार को विशेष शिविर के पंचम दिवस मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके या ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 17 वर्ष से अधिक हो रहा है का अनिवार्य पंजीकरण व विशेष व गहन पुनरीक्षण का संदेश देने ग्राम बनपचरी में नारे लगाते हुए डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया। ज्ञातव्य हो कि शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बनपचरी में सात दिवसीय विशेष शिविर 15 जनवरी से संचालित है। इसी कड़ी मतदाता पंजीकरण व नए मतदाताओं का नाम जोड़ने की जानकारी देने प्रवक्ता गोविंद कुमार ध्रुव बीएलओ ग्राम रायतुम, चिरको, बनपचरी को आमंत्रित किया गया। बीएलओ ध्रुव ने स्वयंसेवकों को मतदाता पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज एवं अपने मतदान केंद्र के 2 शिविरार्थी छात्राओं का नाम जोड़कर सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया बताया। साथ में श्याम उइके बीएलओ बनपचरी व हेमलता साहू बीएलओ चिरको ने अपने मतदान केंद्र के मतदाता सूची में नाम दर्ज किए जाने योग्य छात्र-छात्राओं को फॉर्म 6 भरवाया। प्राचार्य एचएल दीवान ने 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील की। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, तरुण कुमार ध्रुव, लता भोई, राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, नीरज पटेल, अंशुल तिवारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा में शिशु नगरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा में शनिवार को वार्षिक उत्सव शिशु नगरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा घृतलहरे रहीं, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में कृष्णा कुमार शर्मा, रमाशंकर तिवारी एवं यशवंत छाबड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष उषा घृतलाहरे ने कहा कि वर्तमान युग संक्रमण का युग है। यदि बच्चों को संस्कारित बनाना है तो उन्हें शिशु मंदिर में ही शिक्षा दिलानी चाहिए, जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी पाठ पढ़ाया जाता है। विशेष अतिथि पुरुषोत्तम घृतलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है, जहां शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। कुछ कॉन्वेंट विद्यालयों में हमारी हिंदू परंपराओं का विरोध होता है, जबकि शिशु मंदिर में वेदों का ज्ञान और महापुरुषों की जीवनियां आज भी जीवंत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम कभी भी हिंदी माध्यम शिक्षा के आगे खड़ी नहीं हो सकती। हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे भी डॉक्टर और इंजीनियर बन सकते हैं। विशेष अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि यदि अभिभावक अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही संस्कारक्षम वातावरण देना चाहते हैं तो सरस्वती शिशु मंदिर ही ऐसी संस्था है जो यह कार्य निरंतर कर रही है।

### आनंद मेला एवं शिशु वाटिका बना आकर्षण

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में शिशु नगरी का निर्माण किया गया, जिसमें दैनिक जीवन से जुड़े कार्यों के साथ विज्ञान के मॉडलों के माध्यम से जीवन शैली का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा स्कूली भैया-बहनों ने पाक कला के माध्यम से विभिन्न व्यंजन तैयार किए। आनंद मेले में अतिथियों ने व्यंजनों का स्वाद भी लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भैया-बहनों द्वारा रंगमंचीय प्रस्तुति दी गई, जिसमें लव-कुश नगर भ्रमण एवं मां काली तांडव मुख्य आकर्षण रहे। दर्शकों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके पश्चात महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लीना साहू ने प्रथम एवं राधिका दीदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हसीना बुडेक एवं सीताराम पटेल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक सुरेश ठाकुर, समिति अध्यक्ष बोधीराम चौधरी, समिति सदस्य यशवंत छाबड़ा, रमाशंकर तिवारी, सविता डे, प्राचार्य गायत्री राजपूत सहित सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे।

# मनरेगा भवन में निःशुल्क आधार अपडेट शिविर का हुआ आयोजन

## 310 हितग्राहियों ने लिया लाभ, आधार गाइड ने किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जनपद पंचायत स्थित मनरेगा भवन में स्वर्गीय प्रदीप सुखदेव सतपथी की प्रथम पुण्यतिथि पर आधार अपडेटेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन आधार गाइड टीम एवं वजराशु सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को आधार से जुड़ी समस्याओं से राहत प्रदान करना रहा।

शिविर में एमबीयू (बायोमेट्रिक सत्यापन) एवं दस्तावेज अपलोड की सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरायपाली एवं बसना क्षेत्र की सभी उपलब्ध आधार मशीनों का उपयोग किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की आधार मशीनों को भी सहयोग हेतु शिविर स्थल पर लगाया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में कुल लगभग 310 हितग्राहियों ने आधार बायोमेट्रिक सत्यापन एवं मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा का लाभ लिया।

उल्लेखनीय है कि शिविर में दो कैंसिल आधार तथा पांच डिएक्टिवेट आधार से जुड़े हितग्राहियों की समस्याओं का भी समाधान किया गया। वजराशु सेवा समिति द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा निर्धारित 125 सेवा शुल्क के स्थान पर केवल 100 रुपए शुल्क लिया गया, शेष 25 की राशि समिति द्वारा वहन की गई। स्वर्गीय प्रदीप सुखदेव सतपथी की पुण्यतिथि पर सभी हितग्राहियों के लिए स्वल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर वजराशु सेवा समिति ने महासमुंद कलेक्टर, यूआईडीएआई के समस्त अधिकारियों, एसडीएम सरायपाली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला आधार ईडीएम भूपेंद्र, आधार कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद सहित सरायपाली एवं बसना के सभी आधार ऑपरेटरों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल संचालन में ब्राह्मण समाज की पूर्व अध्यक्ष भागीरथी पंडा का विशेष योगदान रहा। समिति ने जानकारी दी कि यह आधार अपडेटेशन शिविर प्रत्येक वर्ष 18 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।





### अचानकपुर शाकंभरी महोत्सव में शामिल हुए अमर

**महासमुंद।** ग्राम अचानकपुर में मरार पटेल समाज द्वारा शाकंभरी महोत्सव का भव्य आयोजन 18 जनवरी को किया गया। इस दौरान समाज की माताओं-बहनों द्वारा कलश यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर थे। अध्यक्षता खेमराज पटेल महासचिव सिरपुर महासमिति ने की। सर्वप्रथम अमर ने मां शाकंभरी की पूजा-अर्चन कर समाज व गांव की खुशहाली की। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले द्वारा समाज रूढ़िवादी परंपरा के विरुद्ध तथा शिक्षा के लिए कार्यों को याद कर उनका स्मरण किया। साथ ही मां शाकंभरी की जयकारे लगाते हुए कहा कि प्रकृति को संतुलित करने व समस्त जीवों को पोषक आहार प्रदान करने मां शाकंभरी प्रकट हुए थे। मां शाकंभरी के आशीर्वाद से भूमि हरी-भरी रहती है। पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। समाज द्वारा हरी सब्जियां उत्पादन कर सभी को पोषण आहार देने में सहयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी एकजुटता व भाईचारे से ही ऐसे बड़े आयोजन संपन्न होते हैं। माँ शाकंभरी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे यही प्रार्थना करता हूं। इस अवसर पर विशेष रूप शोभाराम पटेल अध्यक्ष सिरपुर महासमिति, नरेश्वर पटेल उपाध्यक्ष सिरपुर महासमिति, दिनेश्वर साहू ब्लाक अध्यक्ष सरपंच संघ महासमुंद, ऋषि चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत अचानकपुर, रूपा जयप्रकाश यादव सरपंच ग्रा.प. अमलोर, सहित समाज अध्यक्ष देवप्रसाद पटेल, सचिव जयप्रकाश पटेल, गोविंदराम पटेल, मनोहर पटेल, रामजी पटेल, उमेंद्र पटेल, खेमलाल पटेल, मयाराम पटेल, चंदरसिंह पटेल, सियाराम पटेल, रामचरण पटेल व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# खल्लारी के विकास के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

दैवीय माता तीर्थ व पर्यटन स्थल खल्लारी के विकास के लिए विभिन्न मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने रायपुर में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि व उनके करीब के रिश्तेदार टीएस सिंह कंवर को मांग पत्र सौंपा है। वहीं कंवर ने विभिन्न मांग पत्रों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने व विकास के मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

तारेश ने बताया कि ग्राम खल्लारी में राज्य निर्माण के बाद से लेकर अब तक लगातार यहां महाविद्यालय (कॉलेज) खोले जाने की मांग प्रमुखता से की जा रही है। जहां खल्लारी में कॉलेज खुलवाने लगातार पत्र प्रेषित और बइठका, पोस्ट कार्ड अभियान चलाया जा चुका है। इसके बाद अब तक मांग पूरी नहीं हुई। इसलिए मांग का स्तर बढ़ाने अब हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। क्योंकि, खल्लारी में ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों के द्वारा कॉलेज खोले जाने का मांग जनहित में जायज है। तारेश ने खल्लारी में कॉलेज खोले जाने की मांग के अलावा मुख्यमंत्री के नाम अनेक मांग पत्र देकर गुहार लगाई है। जिसमें राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 से होकर दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी मंदिर पहुंच मार्ग के जर्जर व बदहाल सड़क का चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए गौरव पथ सड़क निर्माण की मांग की गई है। वहीं ग्राम पंचायत खल्लारी को नगर पंचायत के रूप में दर्जा दिलाने की मांग गई। राज्य निर्माण के इतने वर्षों बाद भी आज पर्यंत तक खल्लारी को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाने की वजह से यह क्षेत्र आज अपने आप में पिछड़ा हुआ महसूस कर रहा है। ग्राम पंचायत खल्लारी में कुल वार्डों की संख्या 16 है। वहीं खल्लारी की कुल जनसंख्या 3223 और कुल 2146 मतदाता हैं। जबकि, खल्लारी पंचायत क्षेत्र अन्य करीब चार पंचायत मुख्यालयों के मध्य में बसी हुई है। जिन पंचायतों के मुख्यालय व आश्रित गांवों को जोड़कर खल्लारी को नगर पंचायत बनाया जा सकता है। साथ ही खल्लारी को ब्लॉक मुख्यालय बनाने की भी मांग की गई है, जो कि इस क्षेत्र के अधिकांश सैंकड़ों गांव खल्लारी अंतर्गत 36 से 45 किलोमीटर के अंतिम छोर में बसी हुई है। क्षेत्र के ज्यादातर लोग अपने विभिन्न जरूरी कार्यों के समस्याओं के समाधान के लिए खल्लारी से बागबाहरा ब्लॉक मुख्यालय 14 किलोमीटर तो महासमुंद जिला मुख्यालय 23 किलोमीटर जाना मजबूरी हो जाता है।



### खल्लारी मेला स्थल से बोईरगांव तक सड़क चौड़ीकरण की मांग

दैवीय माता तीर्थ व जन आस्था का केंद्र खल्लारी मेला स्थल से बोईरगांव तक महज दो किलोमीटर सिंगल सड़क को भी शीघ्र चौड़ीकरण करने की मांग की है। यह काफी व्यस्तम मार्गों में शामिल है। खल्लारी से बोईरगांव तक उक्त मार्ग सिंगल सड़क होने के कारण आवागमन में काफी असुविधा होती है। चूंकि, इस मार्ग से ज्यादातर स्कूली बच्चे, किसान व दर्शानार्थियों का प्रमुखता से आवाजाही होती है। वहीं नवरात्र व मेला पर्व के मौके पर जब दर्शानार्थी भारी संख्या में खल्लारी पहुंचती है, तो यहां इन दोनों मार्गों में आवाजाही अव्यवस्थित हो जाती है। जबकि खल्लारी पहुंचने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 से होकर खल्लारी मंदिर मार्ग, संहित बोईरगांव मार्ग और पाली से होके खल्लारी तक ये तीनों मार्गों का अनिवार्य रूप से वास्तव में चौड़ीकरण की आवश्यकता है।

# मां शाकंभरी प्रकृति, अन्न और पोषण का प्रतीक : निखिलकांत

## पसौद के शाकंभरी महोत्सव में शामिल हुए महासमुंद पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पसौद (फिंगेश्वर) में मरार पटेल समाज नांदगांव राज द्वारा आयोजित मां शाकंभरी महोत्सव में नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा पालिका अध्यक्ष साहू का भव्य स्वागत किया गया। साहू ने माता शाकंभरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि, हरियाली और अच्छी फसल की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि मां शाकंभरी प्रकृति, अन्न और पोषण का प्रतीक है। हमें पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर जीवन का संदेश देती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में समरसता का भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही विकास और खुशहाली की नींव होती है। उन्होंने पटेल समाज को मेहनती एवं परोपकारी समाज बताते हुए कहा कि यह समाज मां शाकंभरी के अवतरण के उद्देश्यों को आगे बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम में मरार समाज के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, तेजराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष, रानी केजू पटेल प्रदेश अध्यक्ष महिला मरार समाज, गोविंद पटेल संयोजक मरार समाज नांदगांव, संतराम पटेल संरक्षक मरार समाज नांदगांव राज, तामेश्वर पटेल, सुंदर लाल पटेल, तुकाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज, दिनेश साहू, युवा समिति से रूपेश पटेल, अजय पटेल, तेजेश्वर पटेल, भेखराम पटेल, किशोर पटेल, समय लाल पटेल, रामदेव पटेल, रेमंड पटेल, रूमलाल पटेल, लोकनाथ पटेल, संदीप पटेल, लालाराम पटेल, चोवा पटेल, मुकेश पटेल, कृष्णा पटेल, कपूर पटेल आदि उपस्थित थे।



# बसना में 4.29 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक नालंदा परिसर, विधायक संपत ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना विधानसभा के विकास इतिहास में रविवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की दूरगामी सोच और सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप नगर को 429.22 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक 'नालंदा परिसर' की सौगात मिली है। स्थानीय निर्धारित स्थल पर आयोजित भव्य समारोह में डॉ. संपत अग्रवाल ने पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन व शिलान्यास किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मेरा सपना है कि बसना के बच्चों को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महानगरों की ओर न भागना पड़े। यह नालंदा परिसर केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला एक 'ज्ञान का मंदिर' साबित होगा। विधायक डॉ अग्रवाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



# बेलसोंडा के मिनी स्टेडियम में सशक्त नारी शक्ति सेवा समूह ने चलाया स्वच्छता अभियान, महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी रहीं मौजूद



**महासमुंद।** हम बदलेंगे, देश बदलेगा और एक कदम स्वच्छता की ओर के प्रेरक नारों के साथ रविवार को बेलसोंडा के मिनी स्टेडियम में सशक्त नारी शक्ति सेवा समूह द्वारा एक वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर विशेष रूप से सम्मिलित हुईं। इस अभियान के दौरान जनपद उपाध्यक्ष और समूह की महिलाओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए पूरे स्टेडियम परिसर की सफाई की और झाड़ू लगाकर प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ बनाया। इस अवसर पर मातृशक्ति नेमिन चंद्राकर, भगवती चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, केजा धीवर, रामबाई ध्रुव, मनटोरा ध्रुव, दशोदा चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 24 जनवरी से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुडी चौक में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम रखा गया है। 24 जनवरी शनिवार व 25 जनवरी रविवार दो दिन का गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों खरोरा द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ रखा गया है। 24 जनवरी को दोपहर 3 बजे शनिवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी और शाम 7 बजे दीप महायज्ञ भी किया जाएगा। 25 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे से गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। माता गायत्री हिंदू धर्म में एक पूजनीय देवी हैं, जिन्हें वेदों की जननी वेद माता और सभी शक्तियों का स्त्रोत माना जाता है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने जानकारी दी।

## खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन शिविर का आयोजन 21 को

**महासमुंद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद द्वारा 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जैन सूरि भवन, रेलवे स्टेशन के सामने, बागबाहरा में खाद्य जागरूकता एवं खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बागबाहरा विकासखंड के खाद्य एवं मेडिकल व्यवसायी ऑनलाइन आवेदन कर खाद्य पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति बनवा सकेंगे। शिविर में अभिहित अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की जानकारी दी जाएगी। 12 लाख रुपए से कम वार्षिक टर्नओवर वाले व्यवसायी पंजीयन तथा 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायी अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवश्यक दस्तावेजों मंय आधार कार्ड, बिजली बिल, कलर फोटो, ड्रग्स लाइसेंस (दवाई दुकान हेतु) सहित पंजीयन के लिए चालान (100/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) एवं अनुज्ञप्ति के लिए चालान (2000/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) के साथ मौके पर ही आवेदन किया जा सकेगा। खाद्य कारोबारकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### निधन

## बगसराम सेन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा पारा निवासी बगसराम सेन (97 वर्ष) का देहांत शुक्रवार को हो गया।



अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिक जन उपस्थित हुए। वे पूनाराम सेन, सुशील सेन के पिता व युवराज सेन, ओमप्रकाश सेन, त्रिलोक सेन के दादा थे।

### निर्णय : शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव, स्वीकृति के बाद शुरू होगा काम

# बागबाहरा नगर पालिका की बैठक में अनेक प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा में गुरुवार को नगर पालिका सभागृह में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता में परिषद की बैठक आहूत की गई। जिसमें तीन दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही समाजिक सहायता योजना के 14 हितग्राही व राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 8 हितग्राही के पात्र श्रेणी में स्वीकार कर लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि नगर विकास सवपरि है। नगर विकास के लिए हम चरणबद्ध है। सभी प्रस्तावों को शासन को भेजा जा रहा है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर जल्द से जल्द कार्य शुभारंभ किया जाएगा।



वार्ड क्र. 06 में स्थित शिव मंदिर तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण, वार्ड क्र. 07 में स्थित खंभा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्र. 10 में स्थित शासकीय तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, निकाय के वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक जोनल टेंडर वार्ड क्र. 01 से 15 तक आमंत्रित किये जाने संबंध में विचार एवं निर्णय, ई-लायब्रेरी निर्माण कार्य, अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सडक, नाली एवं विद्युत विस्तारीकरण हेतु 100.00 लाख, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी के पास पंप हाउस एवं संपवेल निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी से जैन मंदिर पानी टंकी तक पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्र. 02 में शांतिनगर पानी टंकी से अंकित सिन्हा घर तक पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, निकाय अंतर्गत जनपद पानी टंकी एवं वार्ड 09 पानी टंकी में बाउंड्रीवाल निर्माण, निकाय अंतर्गत आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल संकट ग्रस्त वार्डो में पाईपलाईन विस्तारीकरण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद बागबाहरा में प्रस्तावित सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयत्रो की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति संबंध, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी तथा स्वीकृति, राष्ट्रीय परिवार सहायता अंतर्गत आवेदनों की जानकारी तथा स्वीकृति, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों के सत्यापन संबंध, नगर में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था, नगर में प्रकाश व्यवस्था, वार्ड क्र. 02 में झलप चौक से तुरी आश्रम तक एवं नमन पेट्रोल पंप से स्टेडियम तक रोड के दोनो तरफ लाईट पोल विस्तारीकरण, वार्ड क्र. 02 से वार्ड क्र. 06 तक (दुर्गा मंदिर से लालपुर तक) ट्यूबलर पोल विस्तारीकरण, सामुदायिक भवन (कुर्मी समाज) श्री चंडी माता मंदिर मार्ग में भवन के पास अहाता (घेरा), बस्ती पारा तालाब गहरीकरण, पचरी निर्माण, सौन्दर्यीकरण, बस्ती पारा तालाब के पास 10 सीटर सुलभ शौचालय निर्माण, मंडीपारा नया मार्ग रवि चंद्राकर घर से अरुण कोस फार्म हाउस तक स्ट्रीट लाईट, शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुलोथा से डोंगरीधारा मुक्तिधाम तक स्ट्रीट लाईट, दुलारी चंद्राकर घर से शंकर बधाईया घर तक सीसी रोड निर्माण, इंडोर जिम सामग्री, नव निर्मित उद्यान में वाटर फाउंडेशन निर्माण एवं शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुलोथा में आहाता निर्माण शामिल है। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष देवेश साहू, मंता यादव, मिथुन अमीर, शौलेश साहू मेनका पोखराज साहू, शिवा जगत, प्रेम साहू, उदय चंदेल, सविता दीवान, थानू पांडे, प्रीति महेंद्र गुप्ता, कुलेश देवांगन, श्यामा चंद्राकर, गिरीश चंद्रा, उप अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित थे।



## पाटनदादर में कबड्डी प्रतियोगिता हुई

**झलप।** जय जम्हर पाठ पाटनदादर (माधोपुर) में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें करीब 50 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान सरकेल की टीम रही।



## बेमचा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ 22 से

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 22 से 23 जनवरी तक किया जाएगा। इस आयोजन के लिए सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा प्रतीक स्थापना होगी। जिसकी विधिवत तैयारी के लिए गायत्री मंदिर बेमचा में महिला मंडल प्रज्ञा पीठ ग्रामवासी एवं इकाई परिजनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बताया गया कि 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से मंगल कलश यात्रा शाम 5 बजे युग संगीत एवं प्रवचन शांति कुंज प्रतिनिधियों द्वारा, 23 जनवरी को प्रातः 6 बजे ध्यान साधना, प्रातः 9 बजे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा प्रतीक प्राण प्रतिष्ठा एवं संस्कार, सायं 4 बजे बसंत पंचमी पर्व पूजन, नेता सुभाषचंद्र बोस, जयंती प्रवचन एवं दीप महायज्ञ, 24 जनवरी प्रातः ध्यान साधना, 9 बजे गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति एवं टोली विदाई होगी। बैठक में भगत गुरु, सुकालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, छन्नू लाल साहू, दुर्गा विश्वकर्मा, पिंकी सेठ, देवकुमारी दिवान, चित्ररेखा साहू, पूजा, लोकेश्वरी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी।



## बिरकोनी में इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के चंडी गेट मैदान में गणतंत्र दिवस पर रविवार को इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यअतिथि सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व जनपद सदस्य विष्णु साहू ने भारत माता व मां चण्डी के प्रतिमा की पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। वहीं आयोजक समिति ने सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। जनपत सदस्य विष्णु साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में खेलों से छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। जिससे आपसी प्रेमभाव बढ़े। जिसमें आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों का गुलाल लगा कर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, ताम्रध्वज निषाद, छगन निषाद, डीजे मांडले, गोविंद साहू, कोतवाल गोकुल सोनवानी, तुकेश साहू, सूरज मलेकर, नोहर, सूरज, दुष्यंत सहित आदि उपस्थित थे।

# गुहा निषाद जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम डुमरपाली में आयोजित गुहा निषाद जयंती समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ ही सामाजिक एकता पर जोर दिया। ग्राम डूमरपाली में गुहा निषाद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने भगवान राम और माता सीता के साथ निषाद समाज के राजा गुहा निषाद के छायाचित्र की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक यादव ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है। रामायण काल में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को अपनी नाव से नदी पार कराने वाले निषाद राज भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता के साथ-साथ शिक्षा का प्रचार-प्रसार बेहद जरूरी है। बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ सामाजिक ज्ञान देना आवश्यक है। इस दौरान प्रमुख रूप से ढेलू राम निषाद, संचालक प्रदेश संगठन सचिव नंद कुमार निषाद, नयन पटेल जिला पंचायत सदस्य, जानकी निषाद प्रदेश सचिव, सरपंच चुकेश्वरी लोमश दीवान, के साथ साथ मोहन कुलदीप, भगवती कोसरिया, हेमलाल दीवान, जगदीश निषाद, रामजी निषाद, गंगू राम निषाद, गंगा राम निषाद, तुलसी राम निषाद, चंदू लाल निषाद, संतोष शर्मा, पन्ना निर्मलकर, बलदाऊ दीवान आदि मौजूद थे।





## 8वीं राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबाल में भुवनेश्वर के लिए भूपेंद्र का चयन

**महासमुंद।** 8वीं सब जूनियर अंडर 15 राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबॉल भुवनेश्वर में 18 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए महासमुंद जिले से भूपेंद्र साहू पिता शंकरलाल साहू पी एम सेजेस तुमगांव कक्षा 9 वीं के छात्र का चयन किया गया है। चयन पर छात्र को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, जिला खेल अधिकारी विभाग मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीडा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य पीएम सेजेस तुमगांव देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आईएलआई, केआर-साहू सिद्धांत गायगौरे, पवन डडसेना, खेल प्रशिक्षक सुनील भोई, कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता, समस्त हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्टॉक में मधुरिमा शर्मा, सुरेश यादव यादव, सागर झा, सत्यम पांडे, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, बरखा शर्मा, लोकेश साहू, तरुण सिन्हा, सोनली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रेणुका साहू, प्रगति साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, लिली मजखंड, चेतना फेकर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, ज्योति सिंह, अश्विनी धीवर, हेमलता साहू तिलक शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

# लखनपुर विकसित भारत-राम योजना के तहत हुआ नाली डिसिल्टिंग कार्य के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों की दी गई जानकारी

ग्राम पंचायत लखनपुर में केंद्र सरकार की विकसित भारत – राम योजना (रोजगार गारंटी) के अंतर्गत नाली डिसिल्टिंग कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच खेमिन चोवाराम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, पंच पुरानिक साहू, भुखू जोशी, मेट पूनम पटेल, मालती साहू एवं यादराम धीवर उपस्थित रहे। भूमिपूजन उपरांत कुल 38 श्रमिकों ने नाली डिसिल्टिंग कार्य हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्रमिकों का स्वागत मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विकसित भारत-राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों की जानकारी विस्तार से दी गई तथा रोजगार गारंटी योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि इस योजना से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ-साथ ग्राम विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नाली डिसिल्टिंग कार्य से जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा तथा स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

# सेना में चयनित युवाओं का सतनामी समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप क्षेत्र से भारत माता की सेवा हेतु देश के सेना में चयन होने वाले सतनामी समाज के चयनित युवाओं का प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज झलप के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मान किया गया. सुरक्षा बल में चयनित साथी योगेंद्र ढीढी (बीएसएफ), छगन कुर्रे (सीआईएसएफ), रोशन मन्नाड़े (आईटीबीपी), कुलेश्वर भारद्वाज (बीएसएफ) का श्वेत गमछा से सम्मान करते हुए सभी सभी युवाओ को बधाई व शुभकामनायें प्रदान की गई। साथ ही अपने प्रथम प्रयास में सुरक्षा बल में चयन से केवल 0.5 अंको से चुकने वाले लोकेश कोसरिया का भी सम्मान करते हुए उन्हें फिर से कोशिश करने व मेहनत जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



इस पल को चयनित युवाओं के साथ केक काट कर सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर जेल यात्री हीरा जोगी ने युवाओं को शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में कार्य करने की बात कही। तथा महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए समाज के अन्य युवाओं के लिए मार्गदर्शक व प्रेरणा बनने की बात कही। इस दौरान उपस्थित युवाओं को कोषाध्यक्ष किशन कोसरिया, शिक्षक साथी धनीराम जांगड़े व संतराम कुर्रे ने भी संबोधित करते हुए समाज के अन्य युवाओं साथियों को प्रोत्साहित करने की बात कही. इस अवसर पर जिला सह सचिव भोजनाथ मधुकर, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक, संतराम भास्कर, रूपेश प्रभाकर, प्रज्ञा टंडन, पूरन मारकंडे, नंदकुमार, भीष्म मारकंडे, ओमप्रकाश सोनवानी, पवन आवड़े, भूपेंद्र मन्नाडे, संजय, योगेश बाघमारे, वाले बंजारे, दानवीर कोसरिया, सहित बड़ी संख्या में समाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर सिन्हा हुए शामिल

# सिंघनपुर में मनाई गई भक्त गुहा निषाद राज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भक्त गुहा निषाद राज की जयंती ग्राम सिंघनपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बताया गया कि भक्त गुहा निषाद राज राम के परम मित्र थे जिन्होंने 14 वर्ष के वनवास के प्रारंभ में राम को गंगा मैया के तट पर अपने नाव से गंगा पार कराई। इस अवसर पर गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जय मां खल्लारी राउत नाचा पार्टी बांसकुडा - 2 और झन भुलव मां बाप ल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ने प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर सिन्हा, अध्यक्षता - झाल बाई राय, विशेष अतिथियों में इंद्रजीत सिंह गोल्डी, ललिता अग्रवाल, शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, तीजन साहू, रामेश्वर साहू, दिनेश्वर साहू, धनेश गायकवाड़, कमल कौशिक, निर्भय नायक, देवेंद्र राय, ऋतु जोहत निषाद शामिल थे।



मुख्य अतिथि योगेश्वर सिन्हा ने राम भक्त राजा गुहा निषाद के बारे में कहा जिस प्रकार रामजी ने गुहा निषाद को मित्र बताया, वानर सेना गठित किया, माता शबरी के जूठे बेर को खाया, सभी को समानता की नजर से देखा, वैसे ही भाजपा सरकार सभी वर्गों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित करा रही है। विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसा कार्य कर रही है। पंचायत वासियों की मांगों पूरा करने का आश्वासन दिया। उसके बाद सरपंच झालबाई की घोषणा प्रत्येक गुरुवार हाटबाजार सिंघनपुर में लगाने का विधायक द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालन रामाधर सोनी व आभार रामेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम को ललित निषाद, ललिता अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान समाज प्रमुख - भागीरथी निषाद, पुरानिक निषाद, फिरंता निषाद, मनहरण निषाद चिंताराम निषाद, ललित निषाद, अनिल निषाद, बेदराम निषाद, ओमप्रकाश निषाद, रूपसिंग निषाद, ग्राम प्रमुख व पंचायत पंच गण - हीरालाल साहू, प्रेमलाल साहू, भागवत योगी, सुखऊराम, दिनदयाल योगी, रामेश्वर भारती, सुन्दर लाल कुर्रे, उत्तरा आवड़े, लालजी भारती, चैतराम यादव, मनीराम यादव, पूरन कोसरिया, जया आवड़े, चमन रात्रे, गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे मौजूद थे।

